प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को किया सम्मानित

पंतनगर। 01 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में बोर्ड ऑफ फेक्लटी ऑफ एग्रीकल्चर (बीओएफए) की ओर से नव वर्ष 2024 के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. बी.बी. सिंह, कुलसचिव, डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप तथा बोर्ड ऑफ फैक्लटी के सचिव डा. आर.के. श्रीवास्तव मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा की गयी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त फैकल्टी सदस्य डा. बनारसी लाल, डा. गणेश कुमार, डा. के.पी. सिंह. डा. एल.डी. बिष्ट डा. जे.पी. मिश्रा, डा. वी. भारद्वाज, डा. बी.बी. सिंह एवं डा. आर.सी. गौतम उपस्थित थे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हमारा विश्वविद्यालय 1960 में स्थापित हुआ। इस विश्वविद्यालय ने भारत के साथ–साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त की है। इस विश्वविद्यालय को इस स्तर तक पहुंचाने में विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिकों का योगदान रहा है। हम कृषि वैज्ञानिक होकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते है की हम देश की कृषि उन्नति में कार्य कर रहें है। आने वाले वर्षो में हमार अथक प्रयास रहेगा की हम विश्वविद्यालय को शोध कार्य में उच्चतम शोध तक ले जा सके। हमारा प्रयास यही रहेगा की उत्तराखण्ड के तराई एवं पहाड़ी क्षेत्रों में रसायनिक खेती को कम करके जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे सके। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की। डा. बी.बी. सिंह ने अपने अनुभवों का साझा किया। डा. एस.के. कश्यप ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में डा. सुनिता, डा. सलिल तिवारी, डा. अमित भटनागर आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में 75 फैक्लटी तथा 47 विद्यार्थियों ने नास (एएएएस) रेटिंग 6.0 से ऊपर शोध पत्र प्रकाशित किया है जिनको आज सम्मानित किया गया तथा कृषि महाविद्यालय की वार्षिक प्रोग्रेस रिपोर्ट 2023 का विमोचन किया गया साथ ही कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. रंजन के श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, वैज्ञानिक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य को सम्मानित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

निदेशक संचार